कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर।

संं0 412/जि0वि0से0प्रा0–13/2022 दिनांक 14.11.2022

स्थायी लोक अदालत मीरजापुर के सदस्यो की साक्षात्कार सूचना

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक–3608/एसएलएसए–49/2016 (2021–22)(हैदर) दिनांकित 29 सितम्बर, 2022 के आदेश के अनुपालन में स्थाई लोक अदालत मीरजापुर में सदस्य के एक पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन साक्षात्कार की दिनांक 16–11–2022 को समय पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्धारित की गयी है।

आप समस्त आवेदकों जिन्होने स्थाई लोक अदालत मीरजापुर में सदस्य के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन किये हैं, सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन साक्षात्कार का आयोजन समय 11.00 बजे से किया जायेगा, जिनका उक्त पदों हेतु आवेदन दिनांक 06 सितम्बर 2022 तक प्राप्त हुआ है, उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। अतः आप समस्त आवेदक ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु दिनांक 16–11–2022 को समय पूर्वान्ह 10.30 बजे से पूर्व कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त के सम्बन्ध में आवेदकों के ई–मेल आईडी तथा अलग से भी डाक द्वारा सूचित किया जायेगा। साथ ही उक्त से सम्बन्धित सूचना जनपद न्यायालय मीरजापुर के https://Districts.ecourts.gov.in/mirzapur वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

(प्रज्ञा सिंह)
पूर्ण कालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मीरजापुर।

प्रतिलिपिः–

1. ओ0एस0डी0 कम्प्यूटर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सादर प्रेषित।
2. जिला सूचनाधिकारी मीरजापुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त कार्यालय आदेश के सम्बन्ध में विज्ञप्ति का निःशुल्क प्रकाशन कराकर समाचार पत्रों की एक–एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. सिस्टम ऑफिसर अनुभाग, मीरजापुर को उक्त आदेश तथा संलग्न पत्र माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Pragya Singh 14.11.22

(प्रज्ञा सिंह)
पूर्ण कालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मीरजापुर।